हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 18 मई 2024

तापमान
अधिकतम 45.2 डिग्री
न्यूनतम 26.5 डिग्री

11 सैनिक स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन



12 लोकसभा चुनाव को लेकर अलर्ट मोड पर पुलिस ..



## खबर संक्षेप

### धारूहेड़ा में कंपनी के टावर का पार्ट चोरी

**धारूहेड़ा।** गोल्डन हट विला के पास चोर एक कंपनी के टावर का महंगा पार्ट चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में रोहतक निवासी कंपनी सुपरवाइजर ने बताया कि वह चेकिंग के लिए टावर पर पहुंचा, तो उसका एक पार्ट गायब मिला। उसने कंपनी कर्मचारियों से पूछताछ की। किसी ने पार्ट चोरी होने के बारे में कुछ नहीं बताया। उसने कंपनी प्रबंधन को चोरी से अवगत कराते हुए शिकायत दर्ज कराई।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने रामपुरा में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 3 जनवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने रामपुरा निवासी बिरेंद्र और उसकी पत्नी सीमा को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### रास्ता रोककर मारपीट करने का केस दर्ज

**बावल।** जलियावास के पास एक गाड़ी चालक से मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस बयान में मोमनपुर निवासी पवन कुमार ने बताया कि चालक छुट्टी पर होने के कारण वह अपनी गाड़ी से दूध की सप्लाई लेकर जा रहा था। जलियावास के पास टैंपो में आए चार लोगों ने गाड़ी रुकवाकर उसके साथ मारपीट की। कसोला थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### मारपीट और धमकी देने के आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** गत मई की रात एक पीजी में पंजाब के युवक लक्की के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस बयान में लक्की ने आरोप लगाया था कि अनीश ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के सहड़ निवासी अनीश, महेंद्रगढ़ के कलवाड़ी निवासी मनीष और राजस्थान के सागा निवासी राहुल को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

### ट्रॉले की टक्कर से एक युवक घायल

**बावल।** बणीपुर चौक के पास ट्रॉले की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। पुलिस बयान में राजस्थान के नंगली बलाहिर निवासी सुरेंद्र ने बताया कि वह स्कूटी लेकर कंपनी में जा रहा था। बणीपुर चौक के पास पेट्रोल खत्म होने से स्कूटी बंद हो गई। वह स्कूटी खड़ी करने के बाद पेट्रोल पंप देखने के लिए पैदल निकल पड़ा। वापसी ने एक ट्रॉले ने उसे टक्कर मार दी।

### कर्मचारी की मौत मामले में एक गिरफ्तार


**बावल।** गत 23 मार्च को आईएमटी की एक कंपनी में हाइट से गिरने से हुई श्रमिक की मौत मामले में एक आरोपी को कसोला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। श्रमिक नासिक के मंगशरा निवासी इमरान की कंपनी में काम करते समय गिरकर मौत हो गई थी। उसकी पत्नी के बयान पर पुलिस ने कंपनी प्रबंधन व ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने मुंबई के ओल्ड घनवेल निवासी रूहान को इस केस में गिरफ्तार किया है।


### गोलियाका के मंदिर से दानपात्र चोरी

**रेवाड़ी।** गोलियाका के मंदिर से मेले के बाद चोर दानपात्र चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सरपंच के पति मनीष कुमार ने बताया कि गांव के मंदिर में मेले का आयोजन हुआ था। मेले के दौरान दानपात्र में हजारों रुपये दान आया था। रात के समय चोर मंदिर का दानपात्र चोरी कर ले गए।

## नगर परिषद की ओर से अब तक 40 से अधिक पशुपालकों से वसूला गया जुर्माना

# सात सौ से अधिक गोवंश पकड़े, फिर भी डंपिंग स्टेशन और सड़कों पर जमावड़ा







रेवाड़ी। बावल रोड पर प्लाट में लगा गोवंश का जमावड़ा, कचरा डंपिंग स्टेशन पर जमा गोवंश, एजेंसी की ओर से गाड़ी में पकड़े गए गोवंश। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद की ओर से घोषित कैटल फ्री शहर में सड़कों पर घूमते गोवंश की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। नगर परिषद की ओर से प्रति वर्ष इन गोवंश को पकड़ने के लिए एजेंसी को ठेका दिया जाता है, जिसमें लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती है। प्रति वर्ष सड़कों पर गोवंश की संख्या बढ़ जाती है और यह गोवंश यातायात बाधित करने के साथ हादसे का कारण भी बनते है।

पिछले एक वर्ष में सड़कों पर घूमते गोवंश दर्जनों लोगों को शिकार बनाकर अस्पताल पहुंचा चुके है। हालांकि शहर की सड़कों को गोवंश से मुक्ति दिलाने के लिए फिलहाल धारूहेड़ा का ठेका लेने वाली फर्म को ही ठेका दिया हुआ है। पिछले माह अप्रैल में दिए गए ठेके के बाद से फर्म की ओर से 700 से अधिक गोवंश पकडकर गोशाला में भेजे जा चुके है, लेकिन फिर भी सड़कों व कचरा डंपिंग स्टेशनों पर इन पशुओं का जमावड़ा नजर आ रहा है।

### जुर्माना देने के बाद फिर से सड़क पर गोवंश

एजेंसी को ठेका देने के बाद नगर परिषद के अधिकारी शहर की सड़कों को गोवंश से मुक्त करने का दावा कर रहे है। गोवंश पकड़ने का ठेका लेने वाली फर्म रोजाना सड़क पर घूमते पशुओं को पकड़ने का काम कर रही है। शहर में लंबे समय से मुख्य मार्गो, कॉलोनियों व मोहल्लों में हर तरफ गोवंश का जमावड़ा लगा हुआ था। नगर परिषद की ओर से गोवंश को पकड़ने के लिए रॉयल एंटरप्राइजेज नाम की फर्म को ठेका दिया गया है। टेंडर देने के बाद जहां फर्म गोवंश पकड़ने का कार्य कर रही है। वहीं पशुपालक जुर्माना भर कर अपने पशुओं को छुड़ाकर भी ला रहे है, जिससे फिर से सड़कों पर गाय छोड़ी जा रही है, क्योंकि सड़कों पर घूमती ज्यादातर गाय पशपालकों की है, जोकि दुध दोहने के बाद गाय को खुले में छोड़कर लोगों के लिए परेशानी पैदा करते है। यह गोवंश पूरे दिन या तो शहर की सड़कों पर बैठे रहते है या फिर कचरे में मुंह मारते रहते है।

### पशुओं को खुले में न छोड़ने का आग्रह

एजेंसी को प्रति गाय पकड़ने के लिए 2050, सांड के लिए 2450 व एक बछड़े को पकड़ने के लिए 1750 रुपए का ठेका किया गया है। नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी संदीप मलिक व मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार ने कहा कि एजेंसी को टेंडर देने के बाद गोवंश पकड़ने का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। जल्द ही शहर गोवंश से मुक्त किया जाएगा। उन्होंने शहर के सभी पशुपालकों से भी अपने पशुओं को खुले में न छोड़ने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि शहर को कैटल फ्री बनाने में नगर परिषद का सहयोग करे।

### शहर की सड़कों पर घूमते ज्यादातर गोवंश पालतू

नगर परिषद की ओर से सड़कों से पकड़े गए गोवंश को छोड़ने के लिए अब तक 40 से अधिक पशुपालकों से प्रति पशु 5 हजार के हिसाब से जुर्माना वसूला जा चुका है। शहर की सड़कों पर घूमते ज्यादातर गोवंश पालतू है। पशुपालकों की ओर से सुबह-शाम पशुओं को दूध दोहने के बाद शहर की सड़कों पर छोड़ दिया जाता है, जिसके बाद यह गोवंश लोगों के लिए परेशानी का सबब बन जाते है और यातायात भी बाधित करते है। नगर परिषद की ओर से पशुपालकों की ओर से सड़कों पर छोड़े गए गोवंश के पकड़े जाने पर छुड़वाने के लिए 5000 रुपये जुर्माना राशि निर्धारित की गई है। पशु मालिक की ओर से जुर्माना राशि की रसीद कटवाने पर ही पशु छोड़ा जाएगा।

# नप टीम ने लंबे समय बाद हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- नगर परिषद की टीम ने महाराणा प्रताप चौक से शिव चौक तक सड़क से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई

नगर परिषद की ओर से शहर में लंबे समय बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह अभियान नगरायुक्त अनुपमा अंजलि के दिशा निर्देश पर मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। नगर परिषद की टीम ने महाराणा प्रताप चौक से शिव चौक तक सड़क से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर ने बताया कि शुक्रवार को टीम की ओर से शहर में सड़क पर जूस कार्नर व फूड स्टाल चलाने वाले अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त किया गया तथा उनके अवैध टीन शैड को हटाया गया। टीम ने स्टूल, कुर्सी व बैंच को जब्त किया गया। टीम में ओमप्रकाश, दीपक व रोहित सहित नगर परिषद के अन्य कर्मचारी शामिल थे।



रेवाड़ी। महाराणा प्रताप चौक से अतिक्रमण हटाती टीम। फोटो :हरिभूमि

# नाहड़ से श्याम नगर सड़क पर गड्ढे बने लोगों का सिरदर्द, प्रशासन से समाधान की उठाई मांग

- जर्जर हुई सड़क के कारण वाहन चालकों तथा राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

नाहड़ से श्याम नगर वाया सुरेहली मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है,सड़क पर जगह-जगह भारी गड्ढे बन गए हैं। जर्जर हुई सड़क के कारण वाहन चालकों तथा राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मार्ग को जल्द से जल्द ठीक दुरुस्त कराने की मांग की है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल की ओर से नाहड़ से श्याम नगर वाया सुरेहली मार्ग की 5.29 किलोमीटर सड़क 2018 में बनवाई गई थी, जोकि वर्तमान में पूरी तरह जर्जर हालत में आ चुकी है। जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हुई सड़क के कारण वाहन चालकों तथा लोगों को पैदल चलने में भारी परेशानी का उठानी पड़ रही है। इस मार्ग से काफी वाहनों का आवागमन रहता है। सुबह-शाम ग्रामीण तथा बच्चे भी घूमने फिरने के लिए निकलते हैं। कोसली पुल का निर्माण चलने से भी लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को कोसली तहसील, इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, कैंटीन व बैंक के लिए इसी रास्ते से जाना होता हैं। रेवाड़ी के लिए भी यह सबसे छोटा रूट है। लोग नाहड़-सुरेहली-दड़ौली-रेवाड़ी वाया बेरली से जाते हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मार्ग को जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग की है।



रेवाड़ी। नाहड़ से श्याम नगर वाया सुरेहली मार्ग की जर्जर हालत।

### क्या कहना है अधिकारियों का

विभाग के जेई राज सिंह ने बताया कि नाहड़ से श्याम नगर वाया सुरेहली रोड क्षतिग्रस्त है। कोसली पुल का काम चलने के कारण इस रोड पर व्हीकल्स की ज्यादा नफरी होने से यह रोड टूट गया है। 2 साल में रोड की मेंटेनेंस की जानी होती है। अगस्त 2023 में 45 मार्ग, जिसमें यह रोड भी शामिल है। सभी जिला परिषद के अधीन किए गए थे। अब यह उन्हीं के अंडर हैं। अगर हमारे चार्ज मिलता है, तो इसकी मरम्मत कराई जाएगी।

# दस साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा लूट का आरोपी

- अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

सेक्टर-6 थाना पुलिस ने करीब 10 साल पहले हथियारों के बल पर लूट की वारदात को अंजाम देने के एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। राजस्थान के जिला अजमेर के गांव उनूतिया निवासी जाकिर हुसैन ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह अपने दो साथी गूड्डु व शारुख के साथ गाड़ी में पशु भरकर नसीराबाद से दिल्ली गाजीपुर मंडी में बेचने के लिए आया था। जो गाड़ी खाली करने के बाद वह करीब 38 लाख 67 हजार रुपये लेकर अपने साथी गूड्डु व शारुख के साथ दिल्ली से नसीराबाद के लिए रवाना हुआ था। दिनांक 16 मई 2014 को सुबह 3 बजे के करीब जब वह कापड़ीवास पहुचे तो कुछ लोगों ने उन्हें हथियार के बल पर बंधक बना लिया तथा नकदी व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना धारूहेड़ा में मामला दर्ज करके मामले में दो आरोपी इस्लाम खान व अलताफ को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपियों के कब्जे से लूटी रकम से 1 लाख 10 हजार व 1 देशी कट्टा बरामद कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त एक और आरोपी नौमान उर्फ नम्मा उर्फ इनामुल हसन को भी गिरफ्तार कर लिया।

### कोर्ट से लिया रिमांड पर



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

## कूड़ा डालने को लेकर विवाद में तीन लोग घायल

**रेवाड़ी।** खंडोड़ा में घर के सामने कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद में महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी। अस्पताल में उपचाराधीन बाबूलाल ने पुलिस बयान में बताया कि उसका पड़ोसी पूर्ण मकान बना रहा है। मकान का कूड़ा उसके घर की ओर डाला जाता है। उसने पूर्ण से कूड़ा उठाने को कहा तो उसने झगड़ा करना शुरू कर दिया। बाबूलाल का आरोप है कि पूर्ण ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसकी पत्नी और भतीजा बचाव में आए, तो इन लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की।

# झाड़ियों में मिला गला-सड़ा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

औद्योगिक एरिया में बणीपुर के पास शुक्रवार सुबह एक युवक का गला-सड़ा शव मिलने से लोगों में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में पुलिस ने शव को अस्पताल में शव गृह में रखवा दिया। युवक की हत्या से इनकार नहीं किया जा रहा। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। औद्योगिक एरिया में बणीपुर के पास एक रास्ते से गुजर रहे लोगों ने दुर्गंध आने पर झाड़ियों में जाकर देखा तो वहां एक शव पड़ा हुआ था। शव काफी सड़ चुका था। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। अनुमान लगाया जा रहा है कि शव लगभग एक सप्ताह पुराना है, जो बुरी तहर गला हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फोरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुला लिया। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के पुलिस थानों में सूचना भेज दी है।

**चुनाव**

## एडीसी ने नुक्कड़ नाटक के प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया

# नुक्कड़ नाटक से मतदान करने का संदेश दे रहे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आमजन को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की दिशा में जिला प्रशासन प्रभावी रूप से अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। विभिन्न प्रचार माध्यमों से मतदाताओं को जोड़ते हुए उन्हें आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। एडीसी एवं स्वीप की नोडल अधिकारी अपुनमा अंजलि ने बताया कि नुक्कड़ नाटकों का आयोजन कर मतदाताओं से प्रशासन सीधा संपर्क साध रहा है। शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनावास के विद्यार्थियों ने एडीसी अनुपमा अंजलि की मौजूदगी में लघु सचिवालय परिसर में मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया और लोगों को जागरूक किया। एडीसी ने नुक्कड़ नाटक के प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें इस सार्थक मुहिम में जुड़ते हुए दी जा रही कलात्मक आहुति पर धन्यवाद किया। एडीसी ने कहा कि जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोकतंत्रता को और अधिक मजबूत करने के लिए विद्यालय का यह प्रयास बेहद सराहनीय है। प्राचार्य डा.लक्ष्मीनारायण की अध्यक्षता व रंगकर्मी सतीश मस्तान के निर्देशन में आयोजित नुक्कड़ नाटक में विद्यालय के बच्चों का आम जनता को वोट डालने के प्रति जागरूक करने की दिशा में सराहनीय कदम है। विद्यालय से छात्रा रिया, कोमल, संजना चंचल, स्वीटी, किशन, रोहित, वंदना, निशिका व एकता ने शुक्रवार को बावल, कोसली व रेवाड़ी लघु सचिवालय में लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया व मतदान करने का संकल्प भी दिलाया।





रेवाड़ी। लघु सचिवालय में नुक्कड़ नाटक का मंचन करते विद्यार्थी, एडीसी अनुपमा अंजलि के साथ विद्यार्थी व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### भतीजों पर मारपीट का आरोप, दोनों पर केस दर्ज

**बावल।** शाहपुर में एक महिला के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने उसके भतीजों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में राजेश देवी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर वह अपनी बहन से मिलने के लिए जेठ के घर जा रही थी। घर से बाहर निकलते ही उसके भतीजों प्रमोद और योगेंद्र ने उसके साथ गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। दोनों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उनके घर जाने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसके पति ने बचाव करते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया। उसने आरोप लगाया कि बाद में दोनों ने उनके घर जाकर उसकी बेटी को भी पुलिस केस करने पर जान से मारने की धमकी दी।

# कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर के कार्य करने के तरीके को जानकर उसका सुचारू रूप से संचालन करना कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर का कार्य होता है। कंप्यूटर अनुदेशक कंप्यूटर को इंस्ट्रक्टशन देता है या फिर कंप्यूटर इंस्ट्रक्टशन को लोगों को आम भाषा में सिखाता है इसे आप आसान भाषा में कंप्यूटर अध्यापक भी कह सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि कंप्यूटर का उपयोग आज के समय में बड़े पैमाने पर किया जाता है। इसके लिए कंप्यूटर को इंस्ट्रक्टर करने वाले लोगों की भी डिमांड देश और दुनिया में हर दिन बढ़ रही है तो आइए कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के बारे में जानते हैं।

## कंप्यूटर का आज बहुत महत्व

कंप्यूटर का उपयोग तथा उसका महत्व क्या है? यह बात आप भली-भांति जानते ही होंगे, क्योंकि आज के समय में कंप्यूटर प्रत्येक छोटा से छोटा और प्रत्येक बड़ा से बड़ा कार्य कर लेता है। कंप्यूटर पर आज के समय में दुनिया भर के प्रत्येक काम किए जाते हैं। कंप्यूटर की मदद से ही बड़ी-बड़ी कंपनियां और बड़े बड़े उद्योगों को चलाया जाता है। इस तरह से कंप्यूटर की उपयोगिता के आधार पर आप इसकी जरूरत और इससे होने वाले फायदों के बारे में भली-भांति जान सकते हैं। कंप्यूटर आज के दैनिक जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाला एक आम उपकरण बन चुका है जिसका इस्तेमाल भारत में तथा दुनिया भर में 80% से भी अधिक आबादी करती है। कंप्यूटर का उपयोग ज्योति नहीं करते हैं वह कंप्यूटर के द्वारा निर्मित या कंप्यूटर के सहयोग से बनी हुई वस्तुओं का उपयोग अवश्य करते हैं। इस बात से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कंप्यूटर आज के समय में कितना महत्वपूर्ण उपकरण बन चुका है। कंप्यूटर पर आधारित बड़े-बड़े उद्योग और बड़ी-बड़ी कंपनियां संचालित हैं। कंप्यूटर की मदद से ऑनलाइन कार्य किए जाते हैं और हर तरह के काम को आसान बनाया जाता है। कंप्यूटर बहुत सारे लोगों का काम अकेला ही तथा कुछ ही समय में कर देता है इसके अलावा काफी आसान तरीके से काम को निपटा देता है इसीलिए कंप्यूटर का महत्व है।

## कौन होता है कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर

एक ऐसा व्यक्ति जो कंप्यूटर की प्रणालियों को समझ कर लोगों के इस्तेमाल के लिए कंप्यूटर को तैयार रखता है या कंप्यूटर की प्रणालियों को समझ कर लोगों को आसान भाषा में बताता है, ऐसे व्यक्ति को हम कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर कहते हैं। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर एक प्रकार का कंप्यूटर अध्यापक होता है जो कंप्यूटर से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्य करता है। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर का कार्य आमतौर पर बड़े-बड़े सरकारी विद्यालयों में तथा बड़े-बड़े प्राइवेट शिक्षण संस्थान में बच्चों को कंप्यूटर की क्लास के दौरान होता है।

### क्या होता है कार्य

कंप्यूटर एक ऐसा उपकरण है जो जटिल से जटिल कार्य को कम से कम समय में पूरा कर देता है। कंप्यूटर को समझना बहुत आसान है और बहुत कठिन भी है क्योंकि हम जितना कंप्यूटर को समझेंगे उतना हम कार्य कर सकते हैं। लेकिन हम कंप्यूटर को पूरी तरह से नहीं समझ सकते, क्योंकि हम जितना चाहे उतना कंप्यूटर को समझ सकते हैं और जितना चाहे उतना अपनी समझ के अनुसार कंप्यूटर से कार्य करवा सकते हैं जो व्यक्ति जितना अधिक कंप्यूटर के क्षेत्र में आगे बढ़ता है। कंप्यूटर की शिक्षा प्राप्त करता है। वह उसके अनुकूल कंप्यूटर से संबंधित शिक्षा ग्रहण कर लेता है

## कंप्यूटर अनुदेशक की योग्यताएं

कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनना चाहते हैं तो आपको कुछ योग्यताएं पास करनी होगी, जिसके बाद ही आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन सकते हैं क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण पद है। प्रत्येक व्यक्ति को कंप्यूटर के सेक्टर में अतिरिक्त और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त नहीं होती है। अगर आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनना चाहते हैं, तो आपको कंप्यूटर से संबंधित कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर की प्रणाली को गंभीरता से जानना होगा। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने की योग्यता इस प्रकार है।

- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए आपको कंप्यूटर के सेक्टर में गहरी रूचि होनी चाहिए।
- आपके पास कंप्यूटर के क्षेत्र मे डिप्लोमा या कोई अतिरिक्त उच्च डिग्री होनी चाहिए।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आपको कंप्यूटर को गहराई से समझना होगा।
- कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर की प्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करनी होगी।
- कंप्यूटर अनुदेशक बनने के लिए संबंधित शिक्षण संस्थान तथा वैकेंसी के अंतर्गत आवेदन करना होगा। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए संबंधित लिखित एवं महत्वपूर्ण परीक्षा पास करनी होगी।

**कैसे बनें :** सरकारी नौकरी के तहत कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आपको शिक्षण संस्थान या संस्था द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती के लिए मांगे गए आवेदन के अंतर्गत आवेदन करना होगा।

- आवेदन करने के बाद निर्धारित की गई योग्यता के आधार पर अपनी योग्यता सिद्ध करनी होगी।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के लिए आयोजित परीक्षा अच्छें अंकों के साथ पास करनी होगी, तभी आपका नंबर मेरिट लिस्ट में आ पाएगा।
- अगर आपका नाम मेरिट लिस्ट में आ जाता है तो आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन जाते हैं।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के बाद कार्यरत होने से पहले आपको संबंधित अपने सभी दस्तावेजों को प्रमाणित करवाना होता है।
- प्राइवेट सेक्टर में कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए आपको संस्था या शिक्षण संस्थान के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा।

### 12वीं की पढ़ाई के बाद यह एक ग्रेजुएशन डिग्री कोर्स

# बिजनेस की बारीकियां समझते हैं तो बीबीए कर बना सकते हैं अच्छा करियर

## युवाओं के लिए बन रहा पहली पसंद

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

विद्यार्थी अपने करियर में कई तरह के डिग्री व डिप्लोमा कोर्स कर के करियर को सफल बनाने के बारे में प्रयास करता है। विद्यार्थी अपने विषय वर्ग के आधार पर ही उच्च स्तर के पढ़ाई के बारे में सोचता है और उच्च स्तर की पढ़ाई को अपने ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के विषय वर्ग के आधार पर ही तय करता है। जो विद्यार्थी बिजनेस से संबंधित कोर्स करना चाहते हैं। यानी कि जो विद्यार्थी अपने भविष्य में बिजनेस को कैसे बढ़ाया जाए और बिजनेस से जुड़ी इकोनामी और मार्केटिंग स्ट्रैटजी के बारे में डिग्री लेना चाहते हैं, तो उन विद्यार्थियों के लिए भी बीबीए की डिग्री बहुत ही ज्यादा उपयोगी साबित होती है। विद्यार्थी बीबीए की डिग्री लेकर अपने भविष्य को बिजनेस के क्षेत्र में सफल बना सकता है। आज के आर्टिकल में हम आपको बीबीए कोर्स क्या होता है और बीबीए कोर्स कैसे करें, इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।



### क्या होता है बीबीए

भारत में बहुत सारी यूनिवर्सिटी जो बीबीए कोर्स विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाती है। बीबीए कोर्स जो 12वीं की पढ़ाई के बाद एक ग्रेजुएशन डिग्री कोर्स है। इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी को 6 सेमेस्टर यानी कि 3 साल तक पढ़ाई करनी होती है। बीबीए कोर्स करने के पश्चात विद्यार्थी बिजनेस से संबंधित कई क्षेत्रों में नौकरी हासिल कर सकता है और उसके बाद मास्टर डिग्री के तौर पर एमबीए की डिग्री लेकर अपने भविष्य को सुधार सकता है। बीबीए का फुल फॉर्म "बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन" है। जिसे हिंदी में व्यवसाय प्रबंधन में ग्रेजुएशन कहा जाता है।



### क्या है योग्यता

*जो विद्यार्थी बीबीए कोर्स करना चाहता है। उस विद्यार्थी के पास कुछ योग्यता होनी अनिवार्य है। क्योंकि योग्यता के आधार पर ही विद्यार्थी को बीबीए कोर्स में आवेदन मिलता है। बीबीए कोर्स करने वाले उम्मीदवार के पास किसी भी विषय वर्ग के साथ 12वीं कक्षा में न्यूनतम 50% अंक होना अनिवार्य है। कई ऐसे सरकारी कॉलेज है, जो 60% न्यूनतम अंक पूछते हैं। बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेने वाले विद्यार्थी को किसी भी विषय वर्ग के साथ 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी है और बारहवीं कक्षा के बाद किसी कॉलेज में एंट्रेंस एग्जाम आयोजित होता है। तो उस एंट्रेंस एग्जाम में भाग लेकर एडमिशन लेना होगा। अन्यथा आप डायरेक्ट बारहवीं कक्षा के बाद बीबीए कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं।*

### कैसे करें बीबीए

*जो विद्यार्थी बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करना चाहता है। उस विद्यार्थी के लिए नीचे कुछ चरण मौजूद करवाए गए हैं। उन चरणों को फॉलो करते हुए विद्यार्थी बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स कर सकता है। सर्वप्रथम विद्यार्थी को बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करने के लिए 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। 12वीं कक्षा में विद्यार्थी न्यूनतम 50% या न्यूनतम 60% अंक के साथ पास कर सकता है। कई कॉलेज जो 50% अंक के बावजूद भी आप को एडमिशन दे देते हैं। लेकिन कई कॉलेज में न्यूनतम मार्क्स के तौर पर 60% अंक होने अनिवार्य है। बारहवीं कक्षा के पश्चात विद्यार्थी बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के लिए कॉलेज में जाता है। कॉलेज मिलने के बाद उम्मीदवार को 3 साल की अवधि यानी कि 6 सेमेस्टर में अच्छे से पढ़ाई करते हुए इस कोर्स को पूरा करना है और बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट हासिल करना है।*

### कितनी फीस होती

*बीबीए करने के लिए कितना खर्चा आएगा इसके बारे में बात की जाए, तो बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करने वाले उम्मीदवार को फीस के तौर पर 3 साल में कुल 100000 से लेकर 150000 तक खर्चा आता है। कई प्राइवेट कॉलेज में इससे अधिक भी हिसाब से वसूली जा सकते हैं।*

***बेहतरीन कॉलेज :*** *भारत की जनसंख्या के आधार पर भारत में लाखों की संख्या में विश्वविद्यालय में मौजूद होंगे लेकिन कई बार भारत के टॉप कॉलेज पर बात आकर अटक जाती है। भारत के टॉप बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कॉलेज की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं: क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर, एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल, नोएडा, इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, नोएडा विल्सन कॉलेज, मुंबई, शैलेश जे मेहता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, मुंबई, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, महाराष्ट्र, एस. पी. जैन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई, नेशनल इंस्टियूट ऑफ मैनेजमेंट, राजस्थान।*



### कितने साल का कोर्स

*बीबीए कोर्स कितने साल का होता है? यह सवाल कई लोगों के मन में हमेशा खटकता रहता है। बीबीए कोर्स दो-तीन साल की अवधि के लिए कॉलेज के द्वारा प्रदान करवाया जाने वाला एक ग्रेजुएशन कोर्स है। जिसे विद्यार्थी 3 साल यानी कि 6 सेमेस्टर के दौरान पूरा कर सकता है। विद्यार्थी 6 सेमेस्टर के साथ इसका सर्टिफिकेट हासिल कर सकता है।*

### कोर्स के विषय

बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स करने वाले उम्मीदवारों को बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर किन किन विषयों के साथ हो सकता है। इसके बारे में जानकारी लेना बहुत ही ज्यादा जरूरी है, जो विद्यार्थी बी बी ए का कोर्स कर रहा है। उन विद्यार्थियों के लिए बीए में कौन-कौन से विषय होते हैं। उसकी सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

- फाइनेंसिएल एकाउंटिंग
- प्रिंसिपल ऑफ मैनेजमेंट
- क्वांटीटेटिव टेक्निकस
- बिजनेस इकॉनोमिक्स
- कॉस्ट एकाउंटिंग
- मैनेजमेंट एकाउंटिंग
- स्टेटिस्टिक मैनेजमेंट
- डायरेक्ट एंड इन डायरेक्ट टैक्स
- मार्केटिंग मैनेजमेंट
- बिजनेस मैथिमेटिक्स
- सिक्योरिटी एनालिसिस
- कॉरपोरेट प्लानिंग
- प्रोडक्शन एंड मैटिरियल मैनेजमेंट
- इंटरनेशनल मार्केटिंग
ऑर्गेनाइजेशन बिहेवियर
- ऑपरेशनस रिसर्च
- इंडस्ट्रियल रिलेशनस
- पर्सनल मैनेजमेंट
- बिजनेस फाइनेंस
- इंवायरमेंटल मैनेजमेंट
- हयूमेन रिसोर्स मैनेजमेंट
- सेल्स एंड डिस्ट्रिब्यूशन

### बीबीए के बाद क्या करें

जो विद्यार्थी बी बी ए का कोर्स कर लेता है, तो उसके पश्चात विद्यार्थी को आगे मास्टर डिग्री के तौर पर एमबीए की डिग्री लेने का एक सुनहरा मौका होता है। एमबीए की डिग्री लेने के बाद विद्यार्थी अपने आपको बिजनेस के क्षेत्र में काफी परफेक्ट बना सकता है और बिजनेस के कई विषयों को गहराई के साथ पढ़ सकता है। जो विद्यार्थी बीबीए कोर्स करने के बाद डिग्री लेने की बजाय सीधा जॉब करना चाहता है, तो बीबीए कोर्स के बाद विद्यार्थी जॉब कर सकता है। लेकिन बीबीए कोर्स के बाद कौन-कौन से कोर्स किए जा सकते हैं। इसकी सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

*एमबीए, पीजीडीएम, एलएलबी, चार्टर्ड एकाउंटेंट, बैंकिंग में पीजी डिप्लोमा, एमएमएस, वित्त प्रबंधन में मास्टर्स, डाटा साइंस में पीजी सर्टिफिकेशन, डिजिटल मार्केटिंग में मास्टर्स ।*

***जॉब के अवसर :*** *जो उम्मीदवार बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेने के बाद नौकरी की तलाश कर रहे हैं। उन विद्यार्थियों के लिए कई तरह की नौकरी **bba** कोर्स करने के बाद उपलब्ध हो जाती है। विद्यार्थी बीबीए कोर्स करके नीचे दिए गए निम्नलिखित पदों पर नौकरी प्राप्त कर सकता है:*

*बिज़नेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव ▸ एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट ▸ मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव ▸ यात्रा एवं पर्यटन मैनेजर ▸ इवेंट मैनेजर*

# नेतृत्व का अर्थ केवल आदेश देना नहीं, बल्कि समूह को प्रेरित करना और आगे बढ़ाना भी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

नेतृत्व का महत्व हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में है, चाहे वह व्यवसाय हो, राजनीति हो, सामाजिक कार्य हो या शिक्षा। खासकर छात्रों के लिए, नेतृत्व कौशल का विकास अत्यंत आवश्यक है क्योंकि वे भविष्य के नेता हैं। नेतृत्व का सही अर्थ केवल आदेश देना नहीं है, बल्कि समूह को एक दिशा में प्रेरित करना और उनके साथ मिलकर लक्ष्यों को प्राप्त करना है। इस लेख में, हम छात्रों में नेतृत्व कौशल के महत्व, उनके विकास के तरीके और उनके प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे। नेतृत्व का सीधा संबंध समाज और संगठन के विकास से है। एक अच्छा नेता केवल अपने अनुयायियों को ही नहीं, बल्कि समग्र समाज को भी प्रगति की दिशा में ले जाता है। छात्रों के लिए, नेतृत्व कौशल बहुत महत्वपूर्ण हैं।

## आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का होता विकास

**स्वयं की पहचानः** नेतृत्व छात्रों को अपनी पहचान स्थापित करने में मदद करता है। इससे उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का विकास होता है।

**समूह कार्यः** नेतृत्व कौशल छात्रों को टीम के साथ मिलकर काम करने की क्षमता प्रदान करता है। यह उन्हें समूह में सामंजस्य बैठाने और दूसरों के विचारों का सम्मान करने के लिए प्रेरित करता है।

**निर्णय लेने की क्षमताः** एक नेता को सही समय पर सही निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। छात्रों में यह क्षमता उन्हें भविष्य में जटिल परिस्थितियों का सामना करने में मदद करती है।

**संचार कौशलः** नेतृत्व कौशल छात्रों में प्रभावी संचार कौशल का विकास करता है, जो उनके शैक्षिक और व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण होता है।

नेतृत्व कौशल का विकास एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसे निम्नलिखित तरीकों से प्राप्त किया जा सकता है:

**शैक्षिक कार्यक्रम और कार्यशालाएंः** विद्यालय और कॉलेज नेतृत्व कौशल के विकास के लिए विशेष कार्यक्रम और कार्यशालाओं का आयोजन कर सकते हैं। इनमें छात्रों को नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया जा सकता है।

**समूह परियोजनाएंः** छात्रों को समूह परियोजनाओं में शामिल करना नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने का एक प्रभावी तरीका है। इससे वे एक टीम में काम करना और नेतृत्व करना सीखते हैं।

**विवाद और भाषण प्रतियोगिताएंः** इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों के विचारों की स्पष्टता और संप्रेषण कौशल में सुधार होता है।

## नेतृत्व का प्रभाव

नेतृत्व कौशल का छात्रों के जीवन पर व्यापक प्रभाव होता है। यह न केवल उनके शैक्षिक प्रदर्शन को सुधारता है, बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन को भी समृद्ध बनाता है।

**सफलता की ओर अग्रसर होते हैंः** एक अच्छा नेता अपनी क्षमताओं और अन्य लोगों की क्षमताओं को पहचानता है और उन्हें सही दिशा में निर्देशित करता है।

**समस्याओं का समाधान करते हैंः** नेतृत्व कौशल समस्याओं का विश्लेषण करने और उनका समाधान खोजने की क्षमता प्रदान करता है।

**अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बनते हैंः** अच्छे नेतृत्व कौशल वाले छात्र अपने साथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होते हैं, जिससे पूरी छात्र समुदाय का विकास होता है।

**समाज में योगदान देते हैंः** नेतृत्व कौशल से लैस छात्र समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य करते हैं और समाज की प्रगति में योगदान देते हैं।

नेतृत्व कौशल का विकास छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह उन्हें न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में भी सफल बनाता है। विद्यालयों और कॉलेजों को चाहिए कि वे छात्रों में नेतृत्व कौशल के विकास के लिए विशेष प्रयास करें और उन्हें ऐसे अवसर प्रदान करें जिनसे वे एक प्रभावी और जिम्मेदार नेता बन सकें। छात्रों में नेतृत्व कौशल का विकास एक सशक्त और प्रगतिशील समाज की नींव रखता है। नेतृत्व कौशल किसी भी देश के विकास और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। यह तथ्य विशेष रूप से भारत जैसे युवा देश के लिए अधिक महत्वपूर्ण है, जहां युवा जनसंख्या देश की कुल जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा बनाती है। युवा ही भविष्य के नेता होते हैं और उनका नेतृत्व कौशल देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास में अहम भूमिका निभाता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** किसे कंप्यूटर का पितामह कहा जाता है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) जोसेफ जैक्युर्ड

**2.** कम्प्यूटर के विकास में सर्वाधिक योगदान किसका है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) वान न्यूमन

**3.** प्रथम अंकीय कम्प्यूटर के ब्लू प्रिंट के विकास में सर्वाधिक योगदान किसका है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) विलियम बुरोस

**4.** सर्वप्रथम आधुनिक कम्प्यूटर की खोज कब हुई
(ए) 1946 ई.
(बी) 1950 ई.
(सी) 1960 ई.
(डी) 1965 ई.

**5.** कम्प्यूटर की भौतिक बनाबट कहलाती है
(ए) सॉफ्टवेयर
(बी) हार्डवेयर
(सी) फर्मवेयर
(डी) ह्यूमन वेयर

**6.** कम्प्यूटर के संचालन में प्रयुक्त प्रोग्राम.नियम तथा कम्प्यूटर क्रियाओं से सम्बन्धित अन्य लिखित सामग्री को कहा जाता है
(ए) सॉफ्टवेयर
(बी) हार्डवेयर
(सी) नेटवर्क
(डी) फर्मवेयर

**7.** कम्प्यूटर का नियंत्रक भाग कहलाता है
(ए) प्रिंटर
(बी) कुंजी पटल
(सी) **CPU**
(डी) हार्ड डिस्क

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(सी)

## खबर संक्षेप



### नशीले पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** एचएसएनसीबी की टीम ने रामगढ़ रोड फ्लाईओवर के पास भारी मात्रा में नशीला पदार्थ गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ सदर पुलिस थाने में केस दर्ज कराया गया है। ब्यूरो की टीम को सूचना मिली थी कि उत्तम नगर निवासी हरभगवान उर्फ मैनपुरी नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। वह स्कूटी लेकर प्रजापति चौक से रामगढ़ की ओर गांजा बेचने के लिए जाएगा।

### स्वर्ण पदक विजेता को किया सम्मानित

**रेवाड़ी।** माउंट हेरीटेज इंटरनेशनल स्कूल के सातवीं कक्षा के छात्र सात्विक वशिष्ठ ने हाल ही में स्कूल में आयोजित हुई इंटर स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण पदक जीते है। सात्विक ने यह पदक प्रो-लाइनर स्केटिंग प्रतियोगिता में जीते हैं। इस उपलब्धि पर यंगमैन्स एसोसिएशन आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित स्वामी ने सात्विक को इंडियन ओलम्पिक एसोसिएशन का बैज पहना कर तथा ट्रेक सूट भेंट करके सम्मानित किया।

### कल मनाया जाएगा मोहिनी एकादशी पर्व

**रेवाड़ी।** भगवान श्री विष्णु को समर्पित मोहिनी एकादशी का व्रत वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को रखा जाता है। इस बार यह व्रत रविवार 19 मई को रखा जाएगा। एकादशी तिथि शनिवार को प्रातः 11:23 मिनट पर आरंभ होगी, जिसका समापन रविवार को दोपहर एक बजकर 50 मिनट पर होगा।

### बेटी नकदी और जेवरात लेकर फरार

**रेवाड़ी।** पिता ने जिस बेटी की शादी के लिए पूंजी जमा की थी, वही घर से लाखों रुपये और सोने के जेवरात लेकर फरार हो गई। पिता ने यूपी के एक युवक को उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पिता की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करने के बाद युवती की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल पर कई ऑनलाइन सेवाएं, नाम कर सकते हैं सर्च

# बूथ पर मोबाइल फोन, कैमरा या अन्य उपकरण नहीं ले जा सकेंगे

जिले में लोकसभा आम चुनाव के तहत 25 मई को मतदान होना है जिसे ले कर जिला निर्वाचन आयोग पूरी तरहा से सतर्क






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में लोकसभा आम चुनाव के तहत 25 मई को मतदान होने हैं। भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदाता केवल तभी वोट डाल सकते हैं, जब उनका नाम मतदाता सूची में प्रदर्शित हो। इसके लिए मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदाता सूची में अपने नाम की जांच अवश्य कर लें। यह कार्य ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जा सकता है। डीसी एवं जिला निवार्चन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रदान किए गए राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल यानि एनवीएसपी कई ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध है। इनमें मतदाता सूची खोजना, ई-ईपीआईसी डाउनलोड करना, मतदान केंद्रों और अधिकारियों का पता लगाना, मतदाता सूची में अनिवासी भारतीय के नाम शामिल करना, सुधार के लिए आवेदन करना और मतदाता सूची में प्रविष्टियों को स्थानांतरित करना शामिल हैं। पंजीकृत उपयोगकर्ता इसमें शिकायतें दर्ज कर सकते है, जबकि नए उपयोगकर्ता अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी दर्ज करके पंजीकरण कर सकते हैं। उपयोगकर्ता अपने राज्य का नाम चुनकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। खोज करने के लिए पहला नाम, अंतिम नाम, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम व लिंग जैसे विवरण भी आवश्यक हैं। पोर्टल पर जिलेवार खोज विकल्प भी उपलब्ध है।

### कैसे करें अपने मताधिकार का प्रयोग

सबसे पहले मतदान कार्मिक मतदाता सूची में आपके नाम और आपके आईडी प्रूफ की जांच करेगा। इसके उपरांत मतदान कार्मिक आपकी अंगुली पर स्याही लगाएगा, आपको एक पर्ची देगा और एक रजिस्टर (फार्म 17क) पर आपके हस्ताक्षर लेगा। आपको यह पर्ची तीसरे मतदान कार्मिक के पास जमा करनी होगी और अपनी स्याही लगी अंगुली दिखानी होगी और इसके बाद आपको मतदान बूथ की ओर प्रस्थान करना होगा। ईवीएम पर अपने पसंद के उम्मीदवार के प्रतीक के सामने के बैलेट बटन को दबाकर अपना मतदान करें। वीवीपैट मशीन के पारदर्शी विंडो पर दिखने वाली पर्ची की जांच करें। उम्मीदवार की क्रम संख्या, नाम और प्रतीक वाली यह पर्ची 7 सैकेंड के लिए दिखाई देगी और फिर यह सीलबंद वीवीपैट बॉक्स में गिर जाएगी। जब आप किसी भी उम्मीदवार को वोट नहीं डालना चाहते हैं उस स्थिति में आप नोटा विकल्प का चुनाव कर सकते हैं। यह ईवीएम मशीन पर अंतिम बटन होता है। मतदाता को मोबाइल फोन, कैमरा या अन्य किसी उपकरण को मतदान बूथ के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

### इस डॉक्यूमेंट से डाल सकते है वोट

भारत निर्वाचन आयोग के मुताबिक, वोटर आईडी के अलावा और भी कई ऐसे डॉक्यूमेंट हैं, जिन्हें दिखाकर मतदाता को वोट डालने की अनुमति मिल जाती है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने लगभग एक दर्जन डॉक्यूमेंट निर्धारित किए हुए है। आपमें से कई लोग ऐसे होंगे, जिनका नाम तो वोटर लिस्ट में है, लेकिन उनके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है। भारत निर्वाचन आयोग ने बगैर वोटर आईडी कार्ड के भी मतदाताओं को वोट डालने का विकल्प दिया हुआ है, जिनका प्रयोग कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

### यह निर्देश किए जारी

जिन लोगों का नाम तो वोटर लिस्ट में है, लेकिन उनके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है तो वह पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस तथा अगर आप सेंट्रल और स्टेट गवर्नमेंट के कर्मचारी हैं या फिर, पीएसयू और पब्लिक लिमिटेड कंपनी में काम कर रहे हैं तो कंपनी की फोटो युक्त आईडी के आधार पर भी मतदान किया जा सकता है। इसके अलावा पैन कार्ड, आधार कार्ड, पोस्ट ऑफिस और बैंक की पासबुक, मनरेगा जॉब कार्ड, लेबर मिनिस्ट्री द्वारा जारी किया गया हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड, पेंशन कार्ड जिस पर आपकी फोटो लगी हो और अटेस्टेड हो, नेशनल पॉपुलेशन रजिस्ट्रार द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड तथा एमपी-एमएलए-एमएलसी की ओर से जारी आधिकारिक पहचान पत्र दिखाकर मतदान कर सकते है।

## नाटक के मंचन से बताया लोकतंत्र में वोट का महत्व




रेवाड़ी। स्कूल में मतदाता जागरुकता नाटक प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला प्रशासन की ओर से लोकसभा चुनाव में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा के मतदाता साक्षरता क्लब तथा नीलगिरि सदन के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणवी नाटक 'बोट घणी सै कीमती' का मंचन किया गया। इस हांस्य नाटक को देखकर सभी दर्शक झूम उठे। साहित्यकार एवं प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया की ओर से लिखित तथा कला अध्यापिका लक्ष्मी यादव की ओर से निर्देशित नाटक में क्षेत्र की सैन्य संस्कृति, लोक संस्कृति तथा लोकतंत्र में वोट के महत्व को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों के अलावा युवा चेतना संगठन से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ताओं ने 25 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने का संकल्प लिया। नाटक में छात्रा यक्षरा, क्षमा, मुस्कान, दीपिका तथा प्रिया ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सचिव ने 25 मई को उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करने की प्रक्रिया समझाते हुए जिला स्तरीय लकी ड्रॉ के प्रथम दस हजार रुपए, द्वितीय पांच हजार रुपए एवं तृतीय अढ़ाई हजार रुपए के पुरस्कारों के अलावा सबसे ज्यादा सेल्फी अपलोड करने वाले विद्यालय के पच्चीस हजार रुपए के पुरस्कार व संबंधित क्यूआर कोड की जानकारी दी। मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़े वोकेशनल टीचर प्रदीप चौहान ने कहा कि अगले सप्ताह गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। युवा चेतना संगठन के प्रधान नरेश भारद्वाज तथा महासचिव प्रदीप यादव ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। मंचन के समापन पर सभी विद्यार्थियों को जिला निर्वाचन विभाग की ओर से भेजे गए पोस्टर एवं पंपलेट वितरित किए गए तथा क्लब की ओर से अगले सप्ताह मतदाता जागरूकता प्रश्नोत्तरी कराने का निर्णय लिया गया। क्लब के अध्यक्ष तथा स्टाफ सचिव यशपाल आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## उच्च रक्तचाप पर ध्यान नहीं दिया जाए तो हृदय रोग का बढ़ सकता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़



रेवाड़ी। लोगों को जानकारी देते हुए डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

मौजूदा समय में खराब जीवनशैली, असुरक्षित खानपान और फिजिकल एक्टिविटीज में कमी के चलते उच्च रक्तचाप की दिक्कत लगातार बढ़ती जा रही है। इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अगर हमने जीवन शैली में बदलाव नहीं किए तो इसके भयानक परिणाम होंगे। सीएचसी इंचार्ज डॉ मनीष ने शुक्रवार को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाहड़ में आयोजित में इसके कारण एवं निवारण पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ नरेश कुमार यादव ने भी अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि जब हमारे शरीर में धमनी की दीवारों पर ब्लड प्रेशर सामान्य सीमा से अधिक हो जाता है तो उसे उच्च रक्तचाप कहते हैं। उक्त रक्तचाप को कंट्रोल करने के लिए समय रहते ध्यान नहीं दिया जाए तो यह हृदय रोग और स्ट्रोक के खतरे को कॉफी हद तक बड़ा सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में एक अरब से अधिक लोगों को उच्च रक्तचाप प्रभावित करता है और यह असामयिक मौत का भी एक प्रमुख कारण है। इसलिए विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाने का मकसद उच्च रक्तचाप के फैलाव इसके लक्षणों और इससे निपटने के लिए सेहतमंद जीवनशैली अपने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। जयबीर सिंह बीईई ने भी लोगों से खानपान पर विशेष ध्यान देने के साथ व्यायाम की सलाह भी दी।

### वंचित किसानों को एक दिन का मौका

रेवाड़ी। सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों खरीद से वंचित किसानों को सरकार ने एक दिन का मौका दिया है। सरकार 18 मई को सरसों की पुनः खरीद करेगी। खरीद केवल एक दिन होगी व मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर रजिस्टर्ड किसान ही फसल बेच सकते हैं। जिले की सभी छह मंडियों में इसकी तैयारी कर दी गई है। चार-चार का स्टॉफ खरीद एजेंसी हैफेड की ओर से लगा दिया गया है, जबकि मार्केट कमेटी का स्टॉफ गेट पास देने के लिए मौके पर तैनात रहेगा। हैफेड ने सभी जिलों के सभी को पत्र जारी किया है। जिसमें किसानों को मौका प्रदान करने के लिए एक दिवसीय खरीद का निर्णय लिया गया। महेंद्रगढ़, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी एवं झज्जर में लागू होगा तथा 18 मई को एक दिवसीय खरीद की जाएगी।

## प्रतियोगिता में लक्ष्या व लक्की अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़



रेवाड़ी। योग पर प्रकाश डालते हुए डा. राजेंद्र यादव। फोटो : हरिभूमि

एससीईआरटी हरियाणा गुरुग्राम की ओर से शुक्रवार को शहीद जीतराम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ में खंड स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बालिकाओं के ग्रुप 6 से 8 में लक्ष्या प्रथम व लक्ष्मी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डा. राजेंद्र यादव खंड संसाधन समन्वयक नाहड़ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि योग को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए, योग जीने की कला है। योग से जहां शरीर स्वस्थ रहता है, वही मन भी प्रसन्नचित रहता है। प्राचार्य शिवराज सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने योग की महत्वता पर प्रकाश डाला। ईश कुमार प्राचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कारोली ने भी बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने योग के विशेष टिप्स बताए। पीटीआई पवन कुमार ने नोडल ऑफिसर की भूमिका निभाई। संजय डीपीई गुजरवास, नरेश पीटीआई कोहारड़ व सीमा पीटीआई बिसोहा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

### इस प्रकार रहे प्रतियोगिता के परिणाम

प्रतियोगिता में 6 से 8 बालिकाओं के ग्रुप में लक्ष्या ने प्रथम, लक्ष्मी ने द्वितीय एवं अनिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 6 से 8 लड़कों के ग्रुप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक नाहड़ के लक्की प्रथम, ललित द्वितीय एवं मयंक तृतीय स्थान पर रहे, जबकि चौथा स्थान मिडिल स्कूल खेड़ी के विनित ने हासिल किया। 9 से 10 ग्रुप के लड़कों में राजकीय उच्च विद्यालय कोहारड़ से बसंत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं लड़कियों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ से सोनिया ने प्रथम व गरिमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### डीएलएड द्वितीय वर्ष फेज-2 व एसआईपी से वंचित छात्र अध्यापकों का स्कूल अनुभव मूल्यांकन शुरू

**रेवाड़ी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के तत्वावधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हुसैनपुर व राव अभय सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन सहारनवास में शुक्रवार को 27 स्वयं पोषित संस्थाओं के डीएलएड द्वितीय वर्ष फेज-2 व प्रवेश वर्ष 2021-23 के एसआईपी से वंचित छात्र अध्यापकों का विद्यालय प्रशिक्षण के दो दिवसीय स्कूल अनुभव मूल्यांकन कार्यक्रम का आयोजन शुरू किया गया। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य सुभाष चन्द्र ने कहा कि विद्यालय अनुभव मूल्यांकन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राध्यापक को कक्षा-कक्ष, विद्यालय सम्बन्धित गतिविधियां, बच्चों के सीखने की प्रक्रिया, पाठ्यक्रम व विद्यालय रिकॉर्ड का रखरखाव सहित विद्यालय के विभिन्न पहलुओं को समझने का अवसर प्रदान करना है। प्राचार्य ने राव अभय सिंह कॉलेज की प्राचार्या शालिनी यादव का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मूल्यांकन कार्यक्रम के प्रभारी डा. बीर सिंह वरिष्ठ प्राध्यापक ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की ओर से तैयार किए गए शिक्षण योग्यता, पाठ योजना, शिक्षक अवलोकन रिकार्ड, सहकर्मी अवलोकन रिकार्ड, उपचारात्मक शिक्षण, छात्रों के वास्तविक रिकार्ड, पत्रिका लेखन, छात्र प्रोफाइल व क्रियात्मक अनुसंधान बिंदुओं का मूल्यांकन करना होता है।

**मूल्यांकन के लिए गठित की गई दो टीमः** पीएसटीई विंग प्रभारी डा. विजय सिंह ने कहा कि बोर्ड का उद्देश्य है कि शत प्रतिशत हाजिरी सुनिश्चित की जाए। अगर छात्राध्यापक की हाजिरी 90 प्रतिशत से कम मिली तो भावी शिक्षकों को वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। 1 व 2 अप्रैल को इन्हीं संस्थाओं में दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन कर जिले के विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों में स्कूल अनुभव कार्यक्रम के लिए इन छात्राध्यापकों को भेजा गया था, जिसकी अवधि 7 सप्ताह की थी।

## सर्जरी से जोडों में दर्द और सूजन में कमी आ सकती है: डॉ वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। अस्पताल में जानकारी देते हुए डॉक्टर्स टीम। फोटो : हरिभूमि

शहर के एक प्राइवेट अस्पताल ने गत 12 माह में 100 मरीजों के घुटनों एवं कूल्हों का सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया है, जिसमें सभी वर्ग के मरीजों को लाभ मिला है। अस्पताल के डायरेक्टर व यूनिट हेड डॉ अंकित श्रीवास्तव ने बताया कि 60 प्रतिशत के करीब आयुष्मान लाभार्थियों को केशलेस ईलाज मिला है। अस्पताल के हड्डी एवं जोड रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष वर्मा ने बताया कि घुटना प्रत्यारोपण की सलाह उन मरीजों को दी जाती है, जब किसी व्यक्ति के जोडों में गंभीर क्षति या दर्द होता है, जो दवाओं या अन्य उपचारों से ठीक नहीं होपाता है। क्षतिग्रस्त जोड को कृत्रिम जोड से बदल दिया जाता है, जो धातु, प्लास्टिक या सिरेमिक से बना होता है। डॉ वर्मा ने बताया कि जोड प्रत्यारोपण के कई कारण है। जो व्यक्ति लंबे समय से गठिया से पीड़ित है, उनमें जोड प्रत्यारोपण की आवश्यक्त्ता अधिकतर पडती है। गठिया जोडों में सूजन और दर्द का कारण बनता है। यह ऑस्टियों अर्थराइटिस, रूमेटोइड गठिया और गाउट सहित विभिन्न प्रकार का हो सकता है। उन्होंने बताया कि गंभीर चोट जोडों को क्षतिग्रस्त कर सकती है और उन्हे बदलने की आवश्यकता हो जाती है। कुछ लोग जन्मजात विकृतियों के साथ पैदा होते है, जो उनके जोडों को ठीक से काम करने से रोकते है। डॉ वर्मा ने बताया कि सर्जरी से जोडों में दर्द और सूजन में काफी कमी आ सकती है। सर्जरी से जोडों की गतिशीलता और कार्यक्षमता में सुधार होता है। इसी प्रकार उम्रदराज लोगों में कूल्हों का फेक्चर होने की वजह से चलना फिरना एवं दैनिक गतिविधि बहुत ज्यादा प्रभावित होती है। उस परिस्थिति में कूल्हों का प्रत्यारोपण कर मरीज को ऑपरेशन के अगले दिन अपने पैरों पर चला दिया जाता है।

### मेरा इक वोट तो मेरा अधिकार है...गीत का हुआ विमोचन



**रेवाड़ी।** 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के उद्देश्य से जिले में चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में आमजन की सहभागिता निरंतर बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को एडीसी अनुपमा अंजलि ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए युवा साहित्यकार एवं शिक्षाविद मुकुट अग्रवाल की ओर से रचित गीत 'मेरा इक वोट तो, मेरा अधिकार है'... का विमोचन किया। जिले के प्रसिद्ध संगीतकार व भजन गायक मुरारीलाल सोनी की ओर से संगीतबद्ध इस गीत को स्वयं मुरारीलाल तथा मीना दादरी ने स्वरबद्ध किया है। एडीसी अनुपमा ने गीत की रचना करने वाली पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने में निश्चित रूप से यह गीत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में वोटिंग परसेंटेज बढ़ोतरी के लिए जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न स्तरों पर अलग-अलग माध्यमों से स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को जागरुक करते हुए बढ़-चढकर मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। एडीसी ने स्वीप गतिविधियों में हर वर्ग की ओर से निभाई जा रही भागीदारी को सार्थक बताया और कहा कि सामाजिक सहभागिता के साथ ही जिले में आगामी चुनाव में वोट प्रतिशतता में निश्चित तौर पर बढ़ोतरी होगी।

इस अवसर पर डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, एडीसी के निजी सचिव प्रदीप कुमार, हेड मास्टर सतबीर जांगड़ा, शिक्षक मुकेश कुमार व छात्रा कनुप्रिया मौजूद थे।

## उप प्राचार्या ने कैडेट्स को दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

# अलंकरण समारोह: कैडेट हर्ष ठाकरान बने कप्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड



रेवाड़ी। नियुक्ति समारोह में शपथ लेते सैनिक स्कूल के कैडेट्स।

गांव गोठड़ा स्थित सैनिक स्कूल में कैडेट प्रतिनिधि नियुक्ति अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में उप-प्राचार्या सुनैना चाहार, विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक गजेन्द्र सिंह चौहान व अभिभावक प्रतिनिधि एडवोकेट पवन यादव भी मौजूद थे। समारोह में कैडेट हर्ष ठाकरान को विद्यालय कप्तान नियुक्त किया गया। कैडेट रूद्राक्ष को विद्यालय एड्जुटेंट, कैडेट कपिल को विद्यालय कप्तान अकादमिक, कैडेट रोहन को विद्यालय कप्तान स्पोर्टस, कैडेट साहिल को सीसीई कप्तान, कैडेट शशि शेखर को विद्यालय प्रीफेक्ट तथा कैडेट ऋचा को हेड गर्ल चुना गया। इसके अलावा विद्यालय के छह सदन सुब्रतो, अर्जन, मानेकशॉ, कटारी, करियप्पा व परेरा के लिए भी सदन कप्तानों व उपकप्तानों की नियुक्ति की गई।

**शपथ दिलाईः** मुख्य अतिथि, विद्यालय अधिकारी एवं सदन प्राध्यापकों की ओर से नवनियुक्त विद्यालय कैडेट प्रतिनिधियों व सदन कैडेट प्रतिनिधियों के पद अनावृत किए गए तथा उप-प्राचार्या सुनैना चाहार ने कैडेट्स को पद व गोपनीयता के साथ कर्त्तव्य निर्वहन की शपथ दिलाई। इसके साथ ही केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को प्रमाण पत्र व पुस्तकें देकर सम्मानित किया।

### प्रति वर्ष किया जाता समारोह का आयोजन

इस अवसर पर प्राचार्य कर्नल जसरोटिया ने नवनियुक्त कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन करते हुए विद्यालय की गरिमा व अनुशासन संवर्धित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कैडेट्स को अपने निरंतर प्रयासों से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने तथा परिश्रम से अपने मार्ग में आने वाली बाधाओं को पार कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने बताया कि कैडेट्स में उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के लिए विद्यालय में प्रतिवर्ष इस समारोह का आयोजन किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य कैडेट्स में कुशल नेतृत्व क्षमता और दक्षता विकसित कर उनमें अनुशासन व नैतिक जिम्मेदारियों के उच्च आदर्शों को स्थापित करना है। कार्यक्रम के आयोजक सोहन सिंह टीजीटी गणित थे। मंच संचालन कक्षा दसवीं के कैडेट हर्ष दायमा व कैडेट आयुष श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय स्टाफ व कर्मचारी उपस्थित थे।

## छात्रों को बताया वोट का महत्व

- प्रत्येक मतदाता के लिए मतदान करना बहुत आवश्यक : राजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



रेवाड़ी। पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

कोसली की सामाजिक संस्था प्रेरणा की ओर से शुक्रवार को जुड्डी रोड़ स्थित श्री कृष्णा पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कोआपरेटिव बैंक के सेवानिवृत्त प्रबंधक राजेन्द्र यादव उपस्थित थे तथा अध्यक्षता संस्था के प्रधान गुरदयाल सिंह एडवोकेट ने की। मुख्य अतिथि राजेंद्र यादव ने कहा कि मतदान करना प्रत्येक मतदाता के लिए बहुत आवश्यक है। जब तक हम अपने वोट का प्रयोग नहीं करेंगे, तब तक देश को अच्छा नेतृत्व नहीं मिल पाएगा। वोट की कीमत हमारे लिए बहुत बड़ी होती है, इसका प्रयोग सोच समझकर करना चाहिए। संस्था सचिव डा. सतबीर इंदौरा ने कहा कि यह हमारा राष्ट्रीय महापर्व है। इसमें सबकी भागीदारी होनी चाहिए। संस्था के प्रधान गुरदयाल सिंह एडवोकेट ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में युवाओं की भागीदारी बहुत जरूरी है। वह अपने मत का प्रयोग करके लोकतंत्र के यज्ञ में अपनी आहुति दे सकते हैं। संस्था के उप प्रधान व सेवानिवृत्त प्रवक्ता गजराज सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्राचार्य अजीत सिंह, राकेश कुमार, सतीश जोगी, एडवोकेट पवन व ममता यादव सहित विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कॉलेज जाने के लिए निकला युवक लापता

**रेवाड़ी।** भगवानपुर गांव से कॉलेज जाने के लिए घर से निकला एक युवक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में नरेंद्र ने बताया कि उसका बेटा तुषान शहर के एक कॉलेज में पढ़ता है। वह 13 मई को कॉलेज के लिए घर से निकला था। इसके बाद वह न तो कॉलेज पहुंचा और न ही घर आया। उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### मारपीट व धमकी देने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**डहीना।** थाना खोल पुलिस ने जैनाबाद में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 3 अप्रैल को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने जैनाबाद निवासी रामकला, कृष्ण और वर्षा को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट से अंतरिम जमानत होने के कारण आरोपियों को तफ्तीश में शामिल करने के बाद रिहा कर दिया गया।

### शराब के नशे में हंगामा करते दो दबोचे

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने भिवाड़ी मोड़ के पास गाड़ी में शराब के नशे में हंगामा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी गुड्डू व राजस्थान के भिवाड़ी निवासी आशीष भिवाड़ी रोड पर गाड़ी में शराब पीकर हुड़दंगबाजी कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों को मौके पर ही दबोच लिया। उनके खिलाफ सेक्टर-6 पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया है।

### यादव सभा का फ्री जांच कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 19 मई को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे सभी मरीजों को निःशुल्क ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। सभा के प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डॉ. एच आर यादव मेडिसिन, डॉ. प्रशांत यादव हड्डीरोग, डॉ. गौरव यादव सर्जरी, डॉ. मनीष यादव ईएनटी, डॉ. योगेन्द्र यादव चर्मरोग व डॉ. कोमल यादव दंत रोग के मरीजों की जांच करेंगे।

### देशभक्ति व संस्कार निर्माण कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में 19 मई को पंजाबी धर्मशाला में देशभक्ति व संस्कार निर्माण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि स्कूल शिक्षा बोर्ड भिवानी हरियाणा के चेयरमैन वीपी यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि व करावरा मानकपुर निजी स्कूल के निदेशक एडवोकेट निशांत यादव विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। संस्था की ओर से श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए डा. हरि प्रकाश यादव प्राचार्य राजकीय सीसै स्कूल बोड़ियाकमालपुर, डा. कर्मवीर सिंह यादव प्राचार्य राजकीय सीसै स्कूल संगवाड़ी व सुरेश शर्मा प्राचार्य जैन सीसै स्कूल का विशेष रूप से अभिनंदन किया जाएगा।

### स्कूल बस ने मारी बाइक को टक्कर, दो घायल

**रेवाड़ी।** प्राइवेट स्कूलों की बसों से हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। धरचाना के निकट एक स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। राजस्थान के जोगावाड़ भानोत निवासी अंकित व झाबुआ निवासी अभिषेक बाइक से भानोत से बावल आ रहे थे। धरचाना के निकट सीआर इंटरनेशनल स्कूल की बस ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। दोनों को काफी चोटें आई हैं। टक्कर लगने के बाद सड़क किनारे कच्चे रास्ते में गिरने से बड़ा हादसा टल गया। दोनों को आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बस चालक की तलाश शुरू कर दी।

## मौसम : अभी दो दिन तक और बढ़ सकता है तापमान

# एक कदम और आगे बढ़ा पारा

- दो दिन बाद तापमान में मामूली कमी आने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

झुलसाने वाली गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। तापमान पहली बार 45 डिग्री के पार पहुंचने के कारण जनजीवन पर काफी असर पड़ने लगा है। गर्मी के तेवर लगातार तल्ख होने लगे हैं। अगले दो दिन तक तापमान और बढ़ सकता है। इसके बाद आसमान में बादलों से तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की जा सकती है। भारी गर्मी का प्रकोप पूरे मई माह बना रह सकता है।

शुक्रवार को सुबह के समय आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। इसके बाद आसमान साफ हो गया। तेज धूप निकलने के बाद दोपहर के समय गर्म हवाएं शुरू हो गईं। अधिकतम तापमान इस सीजन में पहली बार 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान भी 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 26.5 डिग्री पर पहुंच गया, जिससे रात के समय भी गर्मी का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया है। दोपहर के समय लू का प्रकोप शुरू हो गया है। सामान्य जनजीवन पर इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। दोपहर के समय सड़कें और बाजार सूने नजर आने लगते हैं।

बाजार में दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करते रहते हैं, लेकिन लोग सुबह और शाम के समय ही बाजार में निकलते हैं। हीटवेव का प्रकोप शुरू होने के बाद अस्पताल में जल्द इसके मरीजों की संख्या बढ़नी शुरू हो सकती है। मौसम विभाग की ओर से गर्मी का यलो अलर्ट पहले ही जारी किया हुआ है।



रेवाड़ी। शुक्रवार दोपहर को सूना पड़ा बावल रोड। फोटो : हरिभूमि

### दो दिन में आ सकती है गिरावट

मौसम विभाग के अनुसार कमजोर विक्षोभ की सक्रियता के चलते आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं। शनिवार और रविवार को तापमान और बढ़ सकता है। सोमवार से इसमें मामूली गिरावट दर्ज की जा सकती है। पूरे मई माह में भारी गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं है। तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इस तापमान में लोगों के लिए घरों में रहना ही सबसे बड़ा बचाव रहेगा। लोगों को गर्मी से बचाव के लिए सावधानी बरतनी होगी। भारी गर्मी के बीच बिजली की मांग बढ़ने से लोगों को पावर कटों का भी जल्द सामना करना पड़ेगा।

**दस दिन के तापमान पर एक नजर**

| दिनांक | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| 8 मई | 39.4 | 27.0 |
| 9 मई | 39.0 | 25.5 |
| 10 मई | 41.5 | 26.0 |
| 11 मई | 39.5 | 25.5 |
| 12 मई | 40.5 | 26.0 |
| 13 मई | 40.0 | 26.0 |
| 14 मई | 41.5 | 23.0 |
| 15 मई | 42.5 | 23.2 |
| 16 मई | 44.0 | 23.5 |
| 17 मई | 45.2 | 26.5 |


रेवाड़ी। न्यूज पेपर फैंसी ड्रेस में भाग लेते नन्हें बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## फैंसी ड्रेस में भव्या व डांस में उर्वी ने मारी बाजी

- स्कूल प्रिंसीपल मनोज यादव व कोऑर्डिनेटर सुमन यादव ने विजेताओं को सर्टिफिकेट देकर उनका मनोबल बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली

कोसली के नठेडा रोड स्थित इंडस वैली प्ले स्कूल में फैंसी ड्रेस व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नृत्य में उर्वी ने प्रथम, परीशा ने द्वितीय व शिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फैंसी ड्रेस में भव्या प्रथम, शशांक द्वितीय व विहान तृतीय स्थान पर रहे। न्यूज पेपर फैंसी ड्रेस में नर्सरी कक्षा में मोविषा ने प्रथम, विरेन ने द्वितीय, व ध्रुव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एलकेजी में जानवी शर्मा ने प्रथम, किषा ने द्वितीय व दिविषा ने तृतीय स्थान हासिल किया। यूकेजी में काव्या प्रथम, भावेश द्वितीय व रोहन तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल प्रिंसीपल मनोज यादव व कोऑर्डिनेटर सुमन यादव ने प्रतियोगिता विजेताओं को सर्टिफिकेट देकर उनका मनोबल बढाया। इस अवसर पर ममता, शुषमा, मुस्कान, पिंकी व एकता सहित सभी स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## दसवीं व बारहवीं के मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

- कार्यक्रम के मख्यातिथि रविन्द्र हाथी सरपंच माजरा थे व अध्यक्षता एसएमसी प्रधान सुभाष चन्द ने की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुंड

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माजरा मुस्तिल भालखी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा बोर्ड दसवीं व बारहवीं कक्षा में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मख्यातिथि रविन्द्र हाथी सरपंच माजरा थे व अध्यक्षता एसएमसी प्रधान सुभाष चन्द ने की। प्राचार्या संतोष कुमारी ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। स्टाफ सचिव मुकेश कुमार प्रवक्ता अंग्रेजी ने दसवीं व बारहवीं के रिजल्ट पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा 7 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज कराया। छात्रा आरती 487 अंक लेकर स्कूल में प्रथम, खुशबु 478 अंक लेकर द्वितीय तथा हर्ष 456 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहा। बारहवीं कक्षा में 16 विधार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। यश बजारिया ने 448 अंक लेकर प्रथम, सुमित्रा ने 443 अंक लेकर द्वितीय तथा नेहा ने 442 अंक लेकर तीसरा स्थान पाया। सरपंच ने सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। प्राचार्या ने ग्राम पंचायत व एसएमसी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। विरेन्द्र बोहरा का स्कूल में अनुशासन बनाए रखने के लिए विशेष अभिनंदन किया। इस अवसर पर पंच रवि, राजेन्द्र, नित्यानन्द व देशराज पंच सहित अनेक लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते सरपंच व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### जुआ खेलने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रेलवे कॉलोनी में एक खंडहर क्वार्टर में ताश के रूप में जुआ खेल रहे तीन लोगों को सिटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से जुए की 52 हजार रुपये राशि और ताश के पत्ते बरामद किए गए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुतुबपुर निवासी सोमदत्त, हजारीवास निवासी मनीष और यादव नगर निवासी अविनाश रेलवे कॉलोनी में एक पुराने क्वार्टर के पास ताश के रूप में जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो तीनों ने वहां से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने तीनों को मौके पर ही काबू कर लिया। उनके पैरों के नीचे हजारों रुपये की नकदी मौजूद थी। पुलिस ने नकदी एकत्रित की तो 52 हजार रुपये निकले। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार करने के बाद उनके खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

## बाबा साहेब अंबेडकर को भारत रत्न मोदी ने दिया : राव इंद्रजीत

- 2024 का चुनाव केवल सरकार गठन का नहीं, देश के नवनिर्माण का चुनाव
- सोहना को दिल्ली -मुंबई एक्सप्रेसवे ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर से जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम


गुरुग्राम। चुनावी जनसभाओं में जाते भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह।

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न देकर उनका मान सम्मान किया है। कांग्रेस आजादी के बाद से उनके नाम पर वोट तो लेते रही लेकिन बाबा साहब को भारत रत्न देने की पहल नहीं की। यह विचार उन्होंने सोहना विधानसभा के गांवों का दौरा करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर बाबा साहेब आंबेडकर का सपना पूरा किया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब कश्मीर में धारा 370 के खिलाफ थे। कांग्रेस ने हमेशा देश को बरगलाया है। राव शुक्रवार को सोहना विधानसभा क्षेत्र के ग्वाल पहाड़ी, बंधवाडी, कादरपुर, मारुति कुंज, रिठौज, सहजावास, बहल्पा, खेड़ला, दमदमा, अभयपुर, दौला, हरचंदपुर, गढ़ी बाजिदपुर, सोहना बार एसोसिएशन सहित कई गांव में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। टोंक सवाई माधोपुर के सांसद एवं सोहना के पूर्व विधायक चौधरी सुखबीर जौनपुरिया ने भी मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट की अपील की। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि 2024 का चुनाव केवल सरकार गठन का चुनाव नहीं है बल्कि भारत के नवनिर्माण का चुनाव है। भाजपा विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रही है। हमारी आने वाली पीढियां विकसित भारत के सपने को साकार होते हुए देखेगी।

## गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल गुड़ियानी के विद्यार्थी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय गुड़ियानी में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मुख्याध्यापक रत्न सिंह यादव ने की एवं खंड संसाधन समन्वयक डा. राजेन्द्र यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। मौलिक मुख्याध्यापक सुभाष मुलोदिया ने बताया कि विद्यालय की कुल 49 छात्राओं ने कक्षा दसवीं की परीक्षा दी, जिसमें 14 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। छात्रा कुमारी नीधि पंवार 470 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम, मुस्कान ने 454 अंक प्राप्त कर दूसरा, मिनाक्षी 452 अंक से तीसरे, भूमि 448 अंक से चौथे, गरिमा 447 अंक प्राप्त कर पांचवें, गुंजन 444 अंक प्राप्त कर छठे, सपना 436 अंक प्राप्त कर सातवें, साक्षी 432 अंक प्राप्त कर आठवें, अनुष्का 421 अंक पाकर नौवे एवं कुमारी ममता 414 प्राप्त कर दसवें स्थान पर रही। मुख्याध्यापक ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। खंड संसाधन समन्वयक ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी। इस अवसर पर शिवराज चौहान प्राचार्य, राजपाल यादव प्राचार्य, ईश कुमार प्राचार्य, विद्याभूषण प्राचार्य, नीमा यादव, राजबाला यादव, सुनीता कला अध्यापिका, कविता यादव व मधुर यादव लिपिक मौजूद थे।


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## सैनी स्कूल के 21 छात्रों का मैथ ओलंपियाड लेवल-2 में चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

सैनी पब्लिक स्कूल के 102 विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड की परीक्षा दी, जिनमें 21 विद्यार्थियों का चयन लेवल-2 के लिए हुआ है। लेवल-1 में 8 बच्चों ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया, जिसमें चौथी कक्षा की नेहा शर्मा, पांचवी कक्षा की आराध्या, सातवीं कक्षा का लक्ष्य, तनवी, भविनेश, गरिमा, अनिरुद्ध तथा कक्षा 9वीं की प्राप्ति कोहली ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। सैनी सभा के प्रधान नवीन सैनी, सैनी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन चेतराम सैनी, महासचिव मनोज सैनी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सैनी व प्राचार्या अनीता यादव सहित स्टाफ, कार्यकारिणी सदस्यों और कॉलेजियम सदस्यों ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### शिविर में 185 लोगों ने कराई आंखों की जांच




**कोसली।** कोसली की सामाजिक संस्था मैनिटी की ओर से शुक्रवार को गांव नाहड़ में आंखों की जांच के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 185 बुजुर्ग, बच्चों व महिलाओं ने आंखों की जांच कराई। जांच में 25 लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत मिली, जिन्हें जल्दी ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। दो लोगों को काला मोतिया मिला, जिन्हें अपनी आंखों की रोशनी यथावत बनाए रखने का परामर्श दिया गया। 80 लोगों को दृष्टि दोष से पीड़ित पाया गया, जिन्हें मौके पर ही चश्मे का नंबर दिया गया। अधिकतर पुरुष व महिलाओं व कुछ छोटे बच्चों में एलर्जिक कंजेक्टिवाइटिस की शिकायत मिली, जिन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। रोगियों को अपनी आंखों की देखभाल से संबंधित टिप्स भी दिए गए। डा सुषमा ने बताया इस समय दिन का तापमान अधिक होने तथा लू चलने की वजह से अधिकतर लोगों को आंखों की तकलीफ बढ़ जाती है। इसलिए धूप में जाते वक्त चश्मा लगाए, ज्यादा पानी पीए तथा संतुलित आहार का सेवन करें। इस अवसर पर डॉ. सतवीर, धर्मवीर तथा यशवीर मौजूद थे।

### नई अनाजमंडी में श्री श्याम बाबा का संकीर्तन कल

**रेवाड़ी।** नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर में श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से श्री श्याम बाबा के 104वें मासिक संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। संकीर्तन का आयोजन 19 मई को रात्रि 8 बजे से किया जाएगा।

संकीर्तन में दिल्ली से भजन गायक कुमार वीरेन्द्र और गोकलगढ़ से संजय शर्मा अपने मधुर स्वर से श्री श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। 20 मई को द्वादशी के अवर पर मंदिर में सुबह 11 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



**चुनाव तैयारी** | एसपी शशांक कुमार सावन बोले लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में सभी गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर

# लोकसभा चुनाव को लेकर अलर्ट मोड पर पुलिस, बीएसएफ जवानों के साथ निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

जिले में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव को लेकर सभी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। शुक्रवार को शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया।

पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व बीएसएफ की टुकड़ी ने फ्लैग मार्च के दौरान आम नागरिकों से शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। डीएसपी हेडक्वार्टर पवन कुमार ने कहा कि 25 मई को प्रदेश में लोकसभा चुनाव होने निश्चित हुए हैं। जिले में लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों व बीएसएफ जवानों के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चाहे शहर हो या फिर देहात, जहां भी संवेदनशील मतदान केंद्र हैं, वहां पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

जिला पुलिस के खुफिया विभाग की ओर से प्रत्येक संदिग्ध किस्म के लोगों तथा सोशल मीडिया पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। शुक्रवार को प्रबन्धक थाना शहर सुरेन्द्र कुमार, प्रबंधक थाना मॉडल टाउन कृष्ण कुमार, प्रबंधक थाना रामपुरा मुकेश चन्द, लाइन अफसर निरीक्षक विक्रम सिंह एवं बीएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट प्रताप सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च राव अभय सिंह चौक से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वह निर्भय होकर अपना मतदान कर सकें।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से यह भी ही अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके।



रेवाड़ी। शहर में फ्लैग मार्च करती बीएसएफ की टुकड़ी तथा फ्लैग मार्च के दौरान शहर से गुजरता गाड़ियों का काफिला। फोटो : हरिभूमि

### शांतिपूर्ण चुनाव कराना सबकी जिम्मेदारी



एसपी शशांक कुमार सावन ने कहा कि फ्लैग मार्च कानून व्यवस्था बनाने का एक हिस्सा है। हम सबका यह दायित्व बनता है कि कानून का पालन करें और निष्पक्ष व भय रहित चुनाव संपन्न कराएं। चुनाव का शांतिपूर्ण निपटान कराना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आमजन किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शरारती व असामाजिक तत्वों, गड़बड़ी फैलाने वाले व नशा तस्करों की सूचना पुलिस को दे। सूचना देने वाले की पहचान भी गुप्त रखी जाएगी। लोकसभा चुनाव में अशांति फैलाने वाले बदमाशों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। एसपी ने कहा कि जिले में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद व तैयार है। जिले के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम रहेंगे।